# 24 न्यूज अपडेट
ई-न्यूज

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, बुधवार 02 अप्रैल 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 15



# वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में चर्चा
## शाह बोले- वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा, कानून हर किसी को मानना पड़ेगा



अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा में पेश किया। किरण रिजिजू ने इसे उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया है।

बिल को केंद्र की सरकार में शामिल TDP, JDU और LJP ने समर्थन दिया। शिवसेना UBT सांसद अरविंद सांसद ने अपने भाषण में ये क्लियर नहीं किया कि वे बिल के पक्ष में है या विरोध में।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- वक्फ में गैर इस्लामिक नहीं आएगा। ऐसा कोई प्रोविजन भी नहीं है। वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा है।

शाह ने कहा- एक सदस्य ने कह दिया कि यह बिल माइनॉरिटीज स्वीकार नहीं करेगी। क्या धमकी दे रहे हो भाई। संसद का कानून है, स्वीकार करना पड़ेगा।

बिल पर चर्चा में रिजिजू ने 58 मिनट अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली UPA सरकार ने 5 मार्च 2014 को 123 प्राइम प्रॉपर्टी को दिल्ली वक्फ बोर्ड को ट्रांसफर कर दीं। ऐसा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अल्पसंख्यक वोटों के लिए किया गया, पर चुनाव हार गए। रिजिजू ने कहा- अगर हमने आज यह संशोधन बिल पेश नहीं किया होता, तो जिस इमारत में हम बैठे हैं, उस पर भी वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा सकता था। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सत्ता में नहीं आती तो कई अन्य संपत्तियां भी गैर-अधिसूचित हो गई होतीं। भाजपा सांसद ने कहा- वक्फ के खौफ से भारत के लोग आजादी चाहते हैं।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड बोला- बिल पास हुआ तो देशभर में आंदोलन करेंगे

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) ने के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा, 'अगर यह बिल संसद में पास हो जाता है, तो हम इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। हम शांतिपूर्ण आंदोलन चलाएंगे।'

# मारुति की 7 कारें 8 अप्रैल से 62,000 तक महंगी:साल में तीसरी बार कीमतों में इजाफा, रॉ मटेरियल के दाम बढ़ने के बाद फैसला



24 न्यूज अपडेट

मारुति सुजुकी की 7 कारें 8 अप्रैल से 62 हजार रुपए तक महंगी हो जाएंगी। कंपनी ने रॉ मटेरियल और ऑपरेशनल कॉस्ट के बढ़ने की वजह से यह फैसला किया है। मारुति सुजुकी ने 2025 में अब तक तीसरी बार अपने वाहनों के दाम बढ़ाए हैं।

पहली बढ़ोतरी जनवरी 2025 में हुई थी, जिसमें कंपनी ने 4% तक की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। दूसरी बार फरवरी 2025 में दाम बढ़ाए गए, जिसमें मॉडल के आधार पर 1% से 4% तक की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी सेलेरियो मॉडल में 32,500 तक की गई थी।


### अन्य ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भी बढ़ाई कीमतें

अन्य ऑटोमोबाइल कंपनियों, हुंडई मोटर इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मर्सिडीज बेंज,रेनो इंडिया, किआ मोटर्स, होंडा BMW मोटर्स और ऑडी जैसी कंपनियां भी अप्रैल-2025 से अपनी गाड़ियों की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान कर चुकी हैं।

### कीमतें बढ़ाने की वजह

कीमतें बढ़ाने के पीछे सभी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने लगभग एक जैसा ही कारण दिया है। इनपुट कॉस्ट और लॉजिस्टिक्स में बढ़ोतरी के चलते ओवर ऑल मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट बढ़ रही है। इस कारण कंपनियां कीमतें बढ़ा रही हैं। कंपनियों के इस फैसले का सीधा असर ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा, खासकर उन ग्राहकों पर जो नई कार खरीदने का विचार कर रहे हैं।

# अधिकारी निलंबित लेकिन बाद में वापस लाए गए', बिहार में पुल ढहने की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा



नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिहार सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पुल ढहने की घटनाओं के बाद सरकार के अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था, लेकिन हंगामा शांत होने के बाद उन्हें वापस बुला लिया गया.

मामले की सुनवाई सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने की, जिसमें जिसमें संजय कुमार शामिल थे. बेंच ने कहा कि, पुल ढहने की घटना के बाद कुछ अधिकारियों को विधिवत निलंबित कर दिया गया था, लेकिन घटना पर हंगामा शांत होने के बाद उन्हें वापस बुला लिया गया

सुनवाई के दौरान सरकार ने कहा कि उसने राज्य में लगभग 10 हजा पुलों का निरीक्षण किया है. बेंच ने कहा कि उसने जवाबी हलफनामे को देखा है और वह मामले को पटना हाई कोर्ट को ट्रांसफर कर रही है. बेंच ने कहा कि ,जवाबी हलफनामे में राज्य अधिकारियों ने इस बारे में विस्तृत जानकारी दी है कि वे क्या कर रहे हैं...

मामले की सुनवाई करते हुए बेंच ने कहा कि राज्य सरकार के जवाबी हलफनामे में घटनाओं के लिए कोई कारण नहीं बताया गया है, लेकिन इसमें योजनाओं और नीतियों की एक लंबी सूची है. बेंच ने कहा कि, हाई कोर्ट बिहार में पुलों के संरचनात्मक और सुरक्षा ऑडिट सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों की निगरानी अधिमानत मासिक आधार पर कर सकता है. बेंच ने याचिकाकर्ता,राज्य के अधिकारियों और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को 14 मई को हाई कोर्ट में पेश होने को कहा. साथ ही अदालत ने कहा कि, मामले पर अगली सुनवाई की तारीख तय की जाएगी.

याचिका में बिहार में पुलों की सुरक्षा और काफी लंबे समय तक टीके रहने के बारे में चिंता जताई गई थी. याचिका में हाल के महीनों में कई ऐसे ढांचों के ढहने का दावा किया गया था. सुप्रीम कोर्ट ने वकील याचिकाकर्ता ब्रजेश सिंह द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार और उसके अधिकारियों के लंबे जवाब पर भी असंतोष व्यक्त किया.

पिछले साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार और अन्य को इस मुद्दे पर जनहित याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया था.

# सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 पर बंद:निफ्टी भी 166 अंक बढ़ा, 23332 पर पहुंचा; रियल्टी और IT शेयर्स चढ़े



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 2 अप्रैल को बढ़त रही। सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 166 अंक की बढ़त रही, ये 23,332 के स्तर पर बंद हुआ।

आज सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी सेक्टर में रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 3.61% चढ़ा। वहीं कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 2.51% की तेजी रही। IT, FMCG, मेटल और फार्मा इंडेक्स में करीब 1% की बढ़त रही।

# लालू की तबीयत बिगड़ी, आज दिल्ली जाएंगे:शुगर बढ़ने की खबर; पिछले साल एंजियोप्लास्टी हुई, किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके



RJD सुप्रीमो लालू यादव की तबीयत बीते 2 दिनों से बिगड़ गई है। बुधवार की शाम दिल्ली जाने के लिए लालू प्रसाद पटना एयरपोर्ट पहुंच गए है। उनके साथ राबड़ी देवी भी है। 7.10 बजे फ्लाइट संख्या AI 2522 से दिल्ली के लिए वे रवाना होंगे।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने पिता लालू प्रसाद को लेकर पारस हॉस्पिटल पहुंचे थे। जहां डॉक्टर्स की एक टीम ने उनका हेल्थ चेकअप किया। इसके बाद वे राबड़ी आवास के लिए निकल गए।

तेजस्वी यादव ने बताया था, 'आज शाम नॉर्मल फ्लाइट से ही उन्हें दिल्ली ले जाया जाएगा। दिल्ली एम्स में उनका इलाज होगा। कई दिनों से उनके कंधे और हाथ में जख्म था। लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे थे। बाद में पता चला कि बीपी काफी लो रह रहा है।'

'दिल्ली एम्स उनको ले जाना था, लेकिन जब चेकअप हुआ तो उनका बीपी लो हो गया था। इसके बाद डॉक्टर से संपर्क किया गया। डॉक्टर ने बताया कि जब तक स्टेबल नहीं होते हैं, तब तक फ्लाइट से भेजना सही नहीं होगा।'

'इस वजह से पहले उनको पारस में ले जाकर सारा चेकअप करवाया गया। थोड़ा स्टेबल हुए तब हम लोग उनको आवास लेकर आए।'

### डॉक्टर ने दिल्ली ले जाने की सलाह दी

राबड़ी आवास पर लालू का इलाज कर रहे डॉक्टर ने उन्हें दिल्ली ले जाने की सलाह दी है। बुधवार यानी आज शाम 4 बजकर 5 मिनट पर एयर इंडिया की फ्लाइट (AI 408) से लालू यादव इलाज के लिए दिल्ली जाने की बात सामने आई थी। लालू यादव की बेटी मीसा भारती मंगलवार से दिल्ली में ही हैं। 26 मार्च, यानी 7 दिन पहले ही लालू यादव गर्दनीबाग में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने प्रदर्शन में शामिल हुए थे। वे तेजस्वी के साथ प्रदर्शन में पहुंचे थे।

# हवाई यात्रा होगी सस्ती! राज्यसभा से पास हुआ विमान लीजिंग लागत घटाने वाला बिल



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः राज्यसभा ने मंगलवार को 'विमान वस्तुओं में हितों के संरक्षण विधेयक 2025' को मंजूरी दे दी है. आम आदमी को सस्ते हवाई किराए का लाभ मिल सकता है और हवाई सेवाओं का विस्तार भी तेजी से हो सकेगा. इस विधेयक के कानून बनने के बाद एयरलाइंस को सस्ती दरों पर विमान किराए पर लेने में मदद मिलेगी, जिससे हवाई यात्रा की लागत घटने की संभावना है.

क्यों लाया गया विधेयकः इस विधेयक का मकसद एयरलाइन कंपनियों की लीजिंग लागत को कम करना और विमान पट्टेदारों के अधिकारों की रक्षा करना है. अब विधेयक को लोकसभा भेजा जाएगा. नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि नागरिक उड्डयन में मौजूदा कानून की आवश्यकता को देखते हुए यह विधेयक बनाया. उन्होंने कहा, "ऐसे समय में जब भारत में नागरिक उड्डयन बढ़ रहा है, हमें उचित कानून बनाने की आवश्यकता है ताकि हम देश में और अधिक विमान ला सकें."

विमानन विशेषज्ञ हर्षवर्धन ने ईटीवी भारत को बताया कि, "लीजिंग कंपनियों द्वारा विमान पट्टे पर लेने के मामले में भारत को उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है. किसी एयरलाइन की सफलता या विफलता काफी हद तक आर्थिक संचालन पर निर्भर करती है, लेकिन एक लगातार मुद्दा यह रहा है कि लीजिंग कंपनियों को अपने विमान वापस लेने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है."

क्या हो रही थी परेशानीः हर्षवर्धन ने बताया कि एक बड़ी चिंता यह है कि ऑपरेटर अक्सर विनियामक अनुपालन को पर्याप्त रूप से बनाए नहीं रखते हैं. इसके अतिरिक्त, कानूनी हस्तक्षेप और अदालती देरी से विमान को वापस लेना मुश्किल हो जाता है. जब तक विमान वापस मिलता है, तब तक उसका मूल्य काफी कम हो चुका होता है. नतीजतन, लीजिंग कंपनियां भारतीय ऑपरेटरों, खासकर छोटे विमानों को पट्टे पर देने में हिचकिचाती हैं. क्या होगी सुविधाः यह कानून ऑपरेटर के डिफ़ॉल्ट के मामलों में विमान को लंबी कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता के बिना वापस लेने की अनुमति देता है. इस कदम से लीजिंग कंपनियों के बीच आत्मविश्वास बढ़ने की उम्मीद है, जिससे उनमें से अधिक भारत में विमान पट्टे पर लेने के लिए प्रोत्साहित होंगे. अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के मामले में, जबकि कीमतों में बहुत ज़्यादा बदलाव नहीं हो सकता है, पट्टे पर देने में उपलब्धता और भागीदारी बढ़ने की संभावना है.

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा, "इस कानून के लागू होने पर, एयर इंडिया ने कहा है कि हम AWG (एविएशन वर्किंग ग्रुप) के दृष्टिकोण में भारत के अनुपालन स्कोर में सुधार करेंगे, जिससे (विमान) पट्टे की लागत में लगभग 8 से 10 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आएगी. इंडिगो ने कहा कि कानून के अभाव में, यह संभव हो सकता है कि अन्य पट्टेदार भारत में अपने जोखिम को कम कर दें या अपने मूल्य निर्धारण को पाँच से दस प्रतिशत तक बढ़ा दें. अकासा एयर ने कहा कि कानून के अभाव में, पट्टे की दरें प्रति माह अतिरिक्त 15,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकती हैं."

डीजीसीए पारदर्शिता बनाए रखेगाः नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) एक अद्यतन विमान रजिस्ट्री की देखरेख करेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि एयरलाइनें नियमित रूप से पट्टेदारों को लंबित बकाया राशि का खुलासा करें. बदले में, पट्टेदारों को एयरलाइनों के साथ अपने समझौतों के बारे में DGCA को सूचित करना होगा, जिससे पट्टे की व्यवस्था में पारदर्शिता और वित्तीय सुरक्षा पर लंबे समय से चली आ रही चिंताओं का समाधान हो सके.

# सोने-चांदी के दाम में गिरावट:सोना 119 गिरकर 90,996 पर आया, चांदी 99,536 किलो बिक रही




24 न्यूज अपडेट

सोने और चांदी के दाम में आज यानी 2 अप्रैल को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 119 रुपए गिरकर 90,996 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 91,115 रुपए पर था। ये इसका ऑल टाइम हाई भी है। एक किलो चांदी की कीमत 105 रुपए गिरकर 99,536 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 99,641 रुपए प्रति किलो था। चांदी ने पिछले हफ्ते 27 मार्च को 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 85,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 92,990 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 85,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 92,840 रुपए है।

कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 85,100 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 92,840 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 85,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 92,840 रुपए है।

भोपाल : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 85,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 92,890 रुपए है।

## संपादकीय : धमकी के सहारे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शायद विश्व राजनीति में धमकी की नई परंपरा कायम करने पर तुले हैं। अब उन्होंने रूस से कच्चा तेल खरीदने वालों को धमकाया है कि जो ऐसा करेगा, वह अमेरिका में कारोबार नहीं कर पाएगा। ऐसे देशों पर पच्चीस से पचास फीसद तक अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। यह धमकी उन्होंने इसलिए दी है कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की दिशा में न तो रूस और न ही यूक्रेन ने अपेक्षित सहयोग का रुख दिखाया है। इससे ट्रंप निराश हैं। पिछले महीने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को बुला कर ट्रंप ने कड़े शब्दों में फटकार लगाई थी। यूक्रेन को दी जाने वाली अमेरिकी मदद पर रोक लगा दी गई है। इससे उम्मीद बनी थी कि रूस, अमेरिका की युद्ध विराम संबंधी शर्तें मान जाएगा, मगर उसने अपनी शर्त रख दी कि सभी नाटो देश यूक्रेन को सैन्य मदद और गोपनीय सूचनाओं पर रोक लगाएं, तभी वह युद्ध विराम पर विचार कर सकता है। यह अमेरिका के लिए कठिन ही नहीं, शायद कभी पूरी न हो सकने वाली शर्त है। ऐसे में ट्रंप ने अब रूस पर नकेल कसने का रास्ता चुना है। मगर यह रास्ता भी उनके लिए कितना आसान और कारगर साबित होगा, कहना मुश्किल है। अमेरिका की नई धमकी से भारत की चिंता जरूर कुछ बढ़ गई है, क्योंकि सचमुच अगर वह ऐसा करता है, तो भारत की तेल कंपनियों के लिए रूस से तेल खरीदना मुश्किल हो जाएगा। अभी भारत सबसे अधिक कच्चा तेल रूस से खरीदता है। पहले ईरान और खाड़ी देशों से खरीदता था, मगर अमेरिकी प्रतिबंध के बाद भारतीय तेल कंपनियों ने वहां से तेल खरीदना बंद करके रूस से खरीदना शुरू कर दिया था। इस तरह कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से महंगाई तेजी से बढ़ेगी, जिसका अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। हालांकि भारतीय तेल कंपनियां अभी समझ नहीं पा रही हैं कि अमेरिका का अतिरिक्त शुल्क लगाने का ढांचा क्या होगा, इसलिए वे इसे अधिक चिंता का विषय नहीं मान रही हैं, पर जिस तरह पहले ही पारस्परिक शुल्क नीति के तहत अमेरिका ने भारी शुल्क थोप दिए हैं, उससे भारत के लिए संतुलन बिठाना कठिन हो रहा है। यह नया शुल्क और परेशान करने वाला साबित हो सकता है। मगर ट्रंप प्रशासन के लिए भी अपनी शुल्क नीति पर लंबे समय तक कायम रह पाना कठिन होगा। इसे लेकर अमेरिका में ही विरोध हो रहा है। इसलिए कि पारस्परिक शुल्क के चलते अमेरिकी कारोबार पर भी बुरा असर पड़ सकता है। जिन चीजों के लिए अमेरिका दूसरे देशों पर निर्भर है, उनकी कीमतें बढ़ेंगी, तो वहां भी महंगाई बढ़ेगी। ऐसे में अमेरिकी लोगों का विरोध लंबे समय तक सहन कर पाना ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा। वहां के मध्यावधि चुनाव में ट्रंप की पार्टी के लिए भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिर यह भी कि ट्रंप के नए ऐलान से रूस कितने दबाव में आ पाएगा, कहना मुश्किल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ जैसा व्यवहार ट्रंप ने किया, उससे ज्यादातर पश्चिमी देश नाराज हैं। इसलिए रूस-यूक्रेन संघर्ष रुकवाने का उनका दावा कमजोर पड़ता जा रहा है। दोनों देशों के बीच चल रहा संघर्ष निश्चित रूप से रुकना चाहिए, यह दुनिया की बेहतरी के लिए बहुत जरूरी है। मगर धौंस और धमकी के सहारे ऐसा हो पाना शायद ही संभव हो, इसके और उलझने की आशंका बनी रहेगी।

## पारदर्शिता की खातिर

सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा देने के लिए बार- बार कहने पर भी सार्थक नतीजे नहीं निकले हैं, तो इसकी वजह क्या हो सकती है, इसे समझा जा सकता है। दरअसल, कोई बड़ी दंडात्मक कार्रवाई न होने से प्रायः अधिकारी अपनी संपत्ति का ब्योरा देने से कतराते हैं ऐसे में, संसद की एक स्थायी समिति ने निर्धारित समय सीमा में ब्योरा दाखिल न करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का सुझाव देकर स्पष्ट कर दिया है कि उनमें कहीं न कहीं पारदर्शिता की कमी है। हैरत की बात है कि निर्देश के बावजूद वर्ष 2024 में इक्यानबे अधिकारियों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा दाखिल किया। जबकि इससे पहले तिहत्तर अधिकारियों ने ही ऐसा किया था। बड़े अधिकारी ब्योरा देने से बच रहे हों, तो जाहिर है कि कहीं न कहीं उनमें ईमानदारी का अभाव है। अगर कोई भ्रष्ट आचरण नहीं किया, तो फिर अपनी अचल संपत्ति की जानकारी देने से क्यों गुरेज ? वे कुछ छिपा रहे हैं, तो कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है। ऐसे में अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कोई दो मत नहीं कि ऐसे अधिकारी ही जवाबदेही से बचने का प्रयास करते हैं। जब ऊपरी स्तर पर जवाबदेही नहीं दिखेगी, तो निचले स्तर पर क्या उम्मीद की जा सकती है। यह तय है कि ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के बिना कहीं भी सुशासन की उम्मीद नहीं की जा सकती। अगर कोई अधिकारी आदेश के अनुपालन में लापरवाही बरतता है, तो उसके खिलाफ निस्संदेह कार्रवाई होनी चाहिए। संसद की स्थायी समिति का यह सुझाव उचित है। कि संपत्ति का ब्योरा दाखिल करने के लिए एक निगरानी तंत्र स्थापित हो और इसमें एक कार्यबल का गठन किया जाए, जो ब्योरा दाखिल न करने वाले अधिकारियों पर नजर रखे। इसके बाद आगे की प्रक्रिया तय होगी। सरकारी तंत्र में जवाबदेही सुनिश्चित होनी ही चाहिए। संसदीय समिति को इसी जवाबदेही की चिंता है। बेहतर होता कि बजाय कार्रवाई के डर से, अधिकारी स्वेच्छा से अपनी संपत्ति की सूचना देते । समिति की सिफारिश के बाद उम्मीद की जा सकती है कि इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएं।

# खमनोर में तहसील भवन का लोकार्पण कर मचींद में सीएचसी का किया निरीक्षण, हर जन के कल्याण को लेकर समर्पित है सरकार : विधायक मेवाड़



24 न्यूज अपडेट

नाथद्वारा, 2 अप्रैल। विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर आमजन को सौगातें दीं, साथ ही जन समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए।



विधायक ने सुबह खमनोर में नवनिर्मित तहसील कार्यालय का उद्घाटन किया।

इसके पश्चात कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित कर मचींद सीएचसी का निरीक्षण किया और यहाँ भी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। ग्राम उनवास में सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। टांटोल में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन कर समापन किया। कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता, आमजन, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

खमनोर में उद्घाटन समारोह में विधायक श्री मेवाड़ ने कहा कि ठेकेदार का नाम भी उद्घाटन पट्टिका पर अंकित किया जाए जिससे काम की गुणवत्ता पर जिम्मेदारी भी बढ़े। साथ ही मोलेला में जल समस्या को सात दिवस में निस्तारण के लिए विकास अधिकारी को निर्देश दिए। समारोह को भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने भी संबोधित किया और कहा कि सरकार हर व्यक्ति की समस्या का समाधान प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। जिले में विकास को लेकर विधायक एवं सांसद की तरफ से कोई कमी नहीं रखी जा रही है ।

इस दौरान उपखंड अधिकारी रक्षा पारीक, तहसीलदार आशीष सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रमों में आमजन ने मेवाड़ से मुलाकात कर बिजली, पानी, सड़क सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर अपनी परिवेदनाएं प्रकट की, जिस पर विधायक ने हाथों-हाथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

# फतहसागर में ढूंढ रहे थे युवक को, मिल गई युवती



24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। सिविल डिफेंस की टीम ढूंढने क्या गई और मिल कुछ और गया। कल शाम चलती बोट से एक व्यक्ति ने फतहसागर में छलांग लगा दी थी। सिविल डिफेंस की टीम निरंतर 24 घंटे से उसे ढूंढ रही थी। इसी दरमियान देवाली छोर पर एक लड़की का शव मिल गया। शव बाहर निकाल पुलिस थाना अंबा माता को सुपुर्द किया टीम में वाहन चालक सुरेश सालवी बोट ऑपरेटर कैलाश मेनारिया गोताखोर विजय नकवाल विपुल चौधरी मनोज जी सी भवानी शंकर मौजूद रहे। आपको बता दें कि फतहसागर में छलांग लगाने वाले युवक की पहचान दिनेश पुरोहित निवासी जालौर के रूप में हुई थी। उसका खबर लिखे जाने तक कोई पता नहीं चला है।

# अस्थियों के कलश बना कर पैकिंग कार्य किया



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर । मेवाड़ प्रताप दल संस्थान द्वारा आज अशोक नगर श्मशान पर गौ शाला से असहाय, लावारिस अस्थियों की मय सूची लेकर लाला सालवी संस्थापक के नेतृत्व में अस्थि कलश तैयार किए गए । यह जानकारी संस्थान के जिला सचिव राकेश पालीवाल ने देते हुए बताया कि गौ शाला पर सुबह दल के कार्यकर्ताओं ने अस्थियों के कलश बना कर कार्टून में पैकिंग की गई । गो शाला से 85 अस्थियों के साथ दो बसों के द्वारा 10 अप्रैल को हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेंगे एवं 12 अप्रैल को विसर्जन किया जाएगा। इस कार्य में संस्थान के जिला अध्यक्ष ओंकार जोशी, रमेश लालवानी,नगर अध्यक्ष नरेंद्र सालवी, महिला अध्यक्ष मंजू गहलोत, बलवंत सालवी, शेर सिंह राठौड़, राज प्रकाश माली, राधा कृष्ण सालवी, प्रेमराज माली, हेमलता, सुनील अहीर, सतीश, शैलेन्द्र , रमेश सोनार्थी,हरिओम सेन, शिव कुमार नागदा, घनश्याम भाटी आदि ने सहयोग किया ।

# विद्यालय परिसर में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के कार्य का किया भूमि पूजन, शहर के हर वार्ड में करोड़ों रूपये के कार्य करवाये - ताराचंद जैन



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर 02 अप्रैल /राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय , आयड परिसर में बुधवार को विधायक मद से 4.50 लाख रूपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के कार्य का भूमि पूजन शहर विधायक माननीय ताराचंद जैन,, भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल वैष्णव, गैराज समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद मनोहर चौधरी ने शुभ मुहूर्त में किया।

इस अवसर पर जैन ने कहा कि भाजपा की सरकार ने हर वार्ड में बिना किसी भेदभाव के करोड़ों रूपयों के कार्य करवाये है। उन्होंने कहा कि हम कार्यों का शिलान्यास भी करते है और उद्घाटन भी।

इस अवसर पर भाजपा नेता ओम प्रकाश चित्तौड़ा, विद्यालय विकास समिति अध्यक्ष महेश भावसार, भरत जोशी , मुकेश जी शर्मा , शिल्पा पामेचा, किरण तातेड़, विद्यालय की प्रिंसिपल अंजलि सालवी, गोपाल सालवी, आनंदीलाल चित्तौड़ा, शिव शंकर नागदा, प्रेम शंकर सुथार ,भगवती लाल पालीवाल, यशवंत चौधरी, दीपक नागदा, सुभाष चित्तौड़ा, नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता आदित्य आमेटा सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आईएसटीडी सदस्यों द्वारा कुंदन स्विचगियर का औद्योगिक भ्रमण



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर 2 अप्रैलः इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट, उदयपुर चैप्टर के सदस्यों ने मादड़ी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध मैसर्स कुंदन स्विचगियर प्राइवेट लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरे में बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। कंपनी एलईडी फ्लड लाइटिंग, एलईडी हाईवे लाइट्स, एलईडी ट्यूब लाइट्स की पूरी रेंज के डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति में विशेषज्ञ है। यह केवल कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद का उत्पादन करती है और कई देशों को उत्पाद एक्सपोर्ट किया जाता है।

आईएसटीडी के अध्यक्ष सीए विद्याविनोद नंदवत ने कुंदन स्विचगियर के प्रबंध निदेशक इंजीनियर हेमंत जैन को उपरना और मेवाड़ी पगड़ी भेंट की। सचिव डॉ कमल सिंह राठौड़ ने सभी आईएसटीडी सदस्यों का स्वागत किया। इसमें अशोक सारस्वत, प्रणय जैन, विजय जैन, केआर सारस्वत, किशोर कटेजा, एन एल जैन, ओम प्रकाश लोहार, डॉ जयश्री सिंह भी शामिल हुए। इंजीनियर राजेंद्र कुमार सिंघवी ने इंजीनियर हेमंत जैन द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए और आईएसटीडी के सभी सदस्यों को औद्योगिक भ्रमण के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

# खेल अकादमियों की चयन स्पर्धा 7 अप्रैल से

24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 2 अप्रैल। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा संचालित खेल अकादमियों में वर्ष 2025-26 के लिए चयन स्पर्धा 7 अप्रैल से सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में होगी। जिला खेल अधिकारी डॉ महेष पालीवाल ने बताया कि बालिका फुटबाल अकादमी कोटा, बालक फुटबाल अकादमी जोधपुर, बालक कुश्ती अकादमी भरतपुर, बालक साईक्लिंग अकादमी बीकानेर के लिए चयन स्पर्धा 7 एवं 8 अप्रैल को, बालक एथलेटिक अकादमी गंगानगर, बालिका एथलेटिक्स अकादमी जयपुर, बालक एथलेटिक्स अकादमी (प्रस्तावित) अजमेर, पैरा खेल अकादमी, एथलेटिक्स व पावरलिफ्टिंग, (बालक वर्ग) जयपुर के लिए 9 एवं 10 अप्रैल, बालिका वॉलीबाल अकादमी जयपुर, बालक वालीबॉल अकादमी झुंझनूं, बालिका तीरन्दाजी अकादमी जयपुर, बालक तीरन्दाजी अकादमी उदयपुर, बालक तीरन्दाजी अकादमी डूंगरपुर के लिए 15 एवं 16 अप्रैल, बालिका हॉकी अकादमी अजमेर, बालक हॉकी अकादमी जयपुर, बालक कब्बड्डी अकादमी करौली, बालक व बालिका कब्बड्डी अकादमी चुरू के लिए 17 एवं 18 अप्रैल तक चयन स्पर्धा होगी। इसी प्रकार बालक हैण्डबाल अकादमी जैसलमेर, बालिका हैण्डबाल अकादमी जयपुर, बालक बास्केटबाल अकादमी जैसलमेर, बालक बास्केटबाल अकादमी (सिनियर वर्ग) जैसलमेर, बालिका बास्केटबाल अकादमी जयपुर के लिए 20 व 21 अप्रैल को चयन स्पर्धा होगी।

डॉ. पालीवाल ने बताया कि चयन स्पर्धा में खिलाडियों की आयु सीमा बालक वर्ग में 12 से 16 वर्ष एवं बालिका वर्ग में 13 से 17 वर्ष निर्धारित है। पूर्व में आवासीय खिलाडियों के लिए अधिकतम आयु बालक एवं बालिका वर्ग में 20 वर्ष एवं आयु की गणना 1 जनवरी 2025 से की जाएगी। अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की बीमारी से ग्रसित नहीं होना चाहिए। खिलाडी राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाडियों को यात्रा, आवास व भोजन व्यवस्था इत्यादि का व्यय स्वयं के स्तर पर वहन करना होगा। खिलाडी स्वय की जिम्मेदारी पर चयन स्पर्धा में सम्मिलित होंगे। खिलाडियों द्वारा अपने मूल दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेल प्रमाण पत्र, शिक्षा प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, मेडिकल प्रमाणपत्र साथ लाना आवश्यक होगा। चयन स्पर्धा के दौरान खेल किट में उपस्थित होना अनिवार्य है। चयन स्पर्धा आयोजन के दौरान खिलाडी के साथ किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर सम्बन्धित खिलाडी की स्वयं/अभिभावक की जिम्मेदारी होगी एवं परिषद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सीनियर बालक बास्केटबॉल अकादमी के लिए नेशनल मेडलिस्ट खिलाडियों को ही रखा जाएगा। इसमें एस.जी.एफ.आई. मेडलिस्ट, विद्यालय जॉनल मेडलिस्ट, सीनियर नेशनल प्रतियोगिता का मेडलिस्ट, ओपन नेशनल मेडलिस्ट सम्मिलित है। साथ ही अकादमियों में अविवाहित बालक/बालिकाओ को ही प्रवेश दिया जाएगा। खेल अकादमियों में अन्तिम रूप से चयनित खिलाडियों को आवासित होने पर आवास, भोजन, शिक्षा ( निजी एवं सरकारी विद्यालय) एवं सीमित चिकित्सा व्यय आदि की सुविधा नियमानुसार क्रीडा परिषद द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। चयन स्पर्धा का फॉर्म तथा अधिक जानकारी क्रीड़ा परिषद की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# जे.सी मोहन्ती, चेयरमैन ने लिया खेलों का जायजा



24 न्यूज़ अपडेट

जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के पूर्व चेयरमेन जे.सी मोहन्ती ने क्षेत्रिय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, उदयपुर एवं महाराणा प्रताप खेलगॉव का दौरा किया। साथ ही खेलो के विकास एवं महाराणा प्रताप खेलगॉव के मल्टीपरपज इण्डोर स्टेडियम की जानकारी ली। जे.सी मोहन्ती के साथ पूर्व खेल अधिकारी विक्रमसिंह चन्देला द्वारा उदयपुर में हो रहे खेलो के विकास कार्यो एवं महाराणा भुपाल स्टेडियम के बारे में जानकारी दी। जे.सी मोहन्ती ने डॉ. महेश पालीवाल के जन्म दिवस पर बधाईया दी। साथ ही खेलो के प्रति चर्चा की। इस अवसर पर परिषद के शकील हुसैन, हॉकी प्रशिक्षक, श्रीमती सुनिता भण्डारी, सोहेल मेहता, बैडमिन्टन प्रशिक्षक, गिरधारी सिंह, लाडूराम, भृगुराज सिंह तीरन्दाजी प्रशिक्षक, आचरज एवं अदिती रंकावत, बास्केटबाल प्रशिक्षक, कनिष्का चौहान हॉकी, नेहा कोदली, नन्दनी गुर्जर वालीबॉल, भावना राठौड़ जूडो, धापु लौहार, भारोत्तलन, प्रवीण सिंह, अरविन्द कुमार एथलेटिक प्रशिक्षक, हेमन्त अटवाल, कुश्ती रेश्मीप्रिया विश्नोई, राधेश्याम सुथार, खेमराज गमेती, लॉन टेनिस, रीना पुरोहित योगा, जितेन्द्र सिंह भाटी, स्केटिंग, गगन व्यास, मनोज सनाढ्य तैराकी, नाजया बानू, आकाशा कानावत शुटिंग, निश्चय सिंह, तनिष्क पटवा कायकिंग, शाहरुख खान क्रिकेट प्रशिक्षक एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र एवं महाराणा प्रताप खेलगॉव के सभी कर्मचारी द्वारा स्वागत किया गया।

# राजस्थान में 12वीं पास के लिए 13,252 पदों पर वैकेंसी:1 मई तक कर सकेंगे अप्लाई, जून में होगी परीक्षा और नवंबर में आएगा रिजल्ट



24 न्यूज़ अपडेट
राजस्थान में नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान सरकार ने नेशनल स्वास्थ्य मिशन और राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी के 28 पदों पर 13 हजार 252 वैकेंसी निकाली है। इसके लिए 12वीं पास से लेकर ग्रेजुएशन कर चुके उम्मीदवार राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर आज से 1 मई तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।
इसके बाद कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के आधार पर उम्मीदवारों का सिलेक्शन किया जाएगा। बता दें कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित की जा रही यह सभी भर्तियां संविदा आधारित होंगी। जिसकी समय अवधि को सरकार द्वारा बढ़ाया या कम किया जा सकता है।

## जून में होगी परीक्षा, नवंबर में आएगा रिजल्ट

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा निकाली गई इन भर्ती परीक्षाओं में 1 मई तक आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जून में भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 2 जून से 12 जून तक अलग-अलग भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद बोर्ड द्वारा जून और जुलाई में ही भर्ती परीक्षा की आंसर-की जारी कर अभ्यर्थियों से आपत्ति मांगी जाएगी। इसके बाद 13 नवंबर तक सभी भर्तियों का फाइनल रिजल्ट जारी किया जाएगा।

## कंप्यूटर, टैबलेट आधारित टेस्ट होगा

अलग-अलग कैटेगरी में होने वाली इन भर्ती परीक्षा का टेस्ट कंप्यूटर या टैबलेट आधारित होगा। इसमें से दोगुना अभ्यर्थियों को डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा। इसके आधार पर उम्मीदवारों का सिलेक्शन किया जाएगा।
भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए उम्मीदवार की उम्र 18 से 40 साल होनी जरूरी है। वहीं, आरक्षित श्रेणी को 40 साल से ज्यादा का होने पर भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की छूट दी जाएगी।

**एज लिमिट**
18 - 40 वर्ष
उम्र की गिनती 1 जनवरी 2025 को आधार मानकर की जाएगी।
आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार उम्र में छूट दी जाएगी।

**फीस**
सामान्य, क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग : 600 रुपए
राजस्थान के नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग : 400 रुपए
राजस्थान के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार : 400 रुपए
सिलेक्शन प्रोसेस, लिखित परीक्षा, डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन
**एग्जाम पैटर्न** : इस भर्ती के लिए परीक्षा दो घंटे की होगी।
परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्न सामान्य हिंदी, अंग्रेजी, जनरल नॉलेज और मैथ्स से होंगे।
यह परीक्षा 200 अंकों की होगी।
**ऐसे करें आवेदन** : ऑफिशियल वेबसाइट **rsmssb.rajasthan.gov.in** पर जाएं।
यहां नोटिफिकेशन के लिंक पर क्लिक करें।
अधिसूचना को चेक करें और नियमानुसार आवेदन करें

# आसाराम को नहीं मिली राहत, जेल-अस्पताल में ही रहेगा:हाईकोर्ट में 30 मिनट चली बहस; प्रवचन नहीं करने की शर्त का उल्लंघन करने का आरोप




24 न्यूज़ अपडेट
नाबालिग से रेप मामले में सजायाफ्ता आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। बुधवार को उसकी अर्जी पर सुनवाई हुई। करीब आधे घंटे तक बहस चली, जिसमें सरकारी अधिवक्ता ने आसाराम को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट की प्रवचन नहीं करने की शर्त का उल्लंघन किया है। अब इस मामले में 7 अप्रैल को सुनवाई होगी।
वहीं, आसाराम के वकील ने कहा कि किसी भी शर्त का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है। इससे पहले कोर्ट ने आसाराम को पूर्व में दी गई अंतरिम जमानत के दौरान लिए गए ट्रीटमेंट से जुड़ी पूरी जानकारी भी ली और भविष्य में इसकी जरूरत के बारे में भी पूछा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आसाराम की ओर से शर्तों के उल्लंघन को लेकर जवाबी शपथ पत्र पेश करने को कहा है। अंतरिम जमानत अवधि खत्म होने के बाद मंगलवार (1 अप्रैल) दोपहर डेढ़ बजे आसाराम ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर किया था। यहां करीब 10 घंटे रुकने के बाद रात 11:30 बजे पाली रोड स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल (आरोग्यम) में शिफ्ट किया गया। हॉस्पिटल में आसाराम को एडमिट क्यों कराया गया है इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

## गुजरात हाईकोर्ट से 3 महीने की अंतरिम जमानत मिली

इससे पहले आसाराम को गुजरात हाईकोर्ट से 3 महीने की अंतरिम जमानत मिल गई। इसी आधार पर मंगलवार को राजस्थान हाईकोर्ट खुलने पर आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने पूर्व में दायर आवेदन पर अर्जेंट सुनवाई का आग्रह किया था। कोर्ट ने इस मामले में आज सुनवाई की।
आसाराम को जेल में ही रहना होगा। भले ही उसे गुजरात केस में अंतरिम जमानत क्यों न मिली हो। जब तक दोनों ही मामलों में उसे राहत नहीं मिलती है, तब तक वह जेल से बाहर नहीं आ सकेगा।

# हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के इंटरव्यू पर लगाई रोक, 200 पदों की प्रक्रिया अटकी




24 न्यूज़ अपडेट
जयपुर.– राजस्थान हाईकोर्ट ने संस्कृत शिक्षा विभाग में 200 पदों पर असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान नियमों में बदलाव किया, जिससे अभ्यर्थियों के हित प्रभावित हुए।
**नियमों में बदलाव से विवाद**- याचिका में कहा गया कि लिखित परीक्षा के बाद न्यूनतम अंकों की पात्रता में परिवर्तन किया गया। भर्ती नियमों के अनुसार, दोनों पेपर (विषय और जीके) में 40% अंक लाने वाले अभ्यर्थी ही इंटरव्यू के लिए योग्य माने जाते थे, लेकिन 25 फरवरी 2025 को कार्मिक विभाग ने इसे घटाकर 36% कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों के अनुसार, "रूल्स ऑफ गेम" सिद्धांत लागू होता है, जिसके तहत परीक्षा प्रक्रिया शुरू होने के बाद नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ताओं ने इस आधार पर भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। सरकार ने मांगा समय, हाईकोर्ट की सख्ती हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए इंटरव्यू पर अस्थायी रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा है। अब यह देखना होगा कि आगे भर्ती प्रक्रिया पर क्या निर्णय लिया जाता है।

# 7 करोड़ से बने फूड कोर्ट को तोड़ना शुरू:स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में हुआ था निर्माण, सुप्रीम कोर्ट में 7 अप्रैल को सुनवाई



24 न्यूज़ अपडेट
सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना में फूड कोर्ट को हटाना शुरू कर दिया है। पहले इसका कुछ हिस्सा तोड़ा गया था। अब पूरी तरह से ध्वस्त करने का काम दोपहर बाद चार बजे करीब शुरू किया गया। 17 मार्च को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इसे 7 अप्रैल तक तोड़कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 7 करोड़ रुपए खर्च कर इसका निर्माण किया था।
आनासागर और इसके आस-पास वेटलैंड क्षेत्र में इसे अवैध निर्माण माना और कोर्ट के आदेश की पालना में नगर निगम की ओर से कार्रवाई शुरू की। इसे ध्वस्त करने का काम कल तक पूरा होने की उम्मीद है।
इससे पहले यहां लगे पौधों को पहले पोकलेन की मदद से सुरक्षित निकाला गया। साथ में यहां लगे ग्लास और अन्य सामान को भी सुरक्षित निकाल लिया। नगर निगम के अधीक्षण अभियंता पी.पी. शर्मा, अधिशाषी अभियंता आर.के. चौधरी आदि मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिए हैं वेटलैंड को लेकर आदेश

तबीजी व हाथीखेड़ा में बनेगा वेटलैंड, प्रस्ताव तैयार - सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना में अजमेर शहर के तबीजी व हाथीखेड़ा में वेटलैंड विकसित करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। तबीजी गांव और राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच अजमेर विकास प्राधिकरण की डीडीपुरम योजना से सटी 9.50 हैक्टेयर भूमि, तबीजी गांव में राधास्वामी सत्संग और गैस बॉटलिंग प्लांट के बीच स्थित 10.50 हैक्टेयर भूमि तथा राजस्व ग्राम हाथीखेड़ा के नानक्या तालाब के पास स्थित 0.75 हैक्टेयर भूमि पर वेटलैंड निर्माण के प्रस्ताव तैयार किए। आगामी 7 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में वेटलैंड निर्माण का प्रस्ताव पेश करेंगे।
**दूसरी जगह वेटलैंड बनाने पर जताई आपत्ति** - याचिकाकर्ता अशोक मलिक ने इंटरलोक्यूटरी आवेदन पत्र में बताया कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश पर्यावरण संरक्षण के स्थापित नियमों और संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन करता है। वेटलैंड प्राकृतिक रूप से अद्वितीय होते हैं। इनका पारिस्थितिकीय महत्व गैर-हस्तांतरणीय है। एक वेटलैंड को नुकसान पहुंचाकर दूसरे स्थान पर कृत्रिम वेटलैंड बनाने की प्रक्रिया वैज्ञानिक रूप से असंगत और पर्यावरण के लिए खतरनाक है। आवेदन में स्पष्ट किया गया है कि आनासागर झील 12वीं सदी से अजमेर की महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी, जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा रही है। सरकार ने "सेवन वंडर्स पार्क", कंक्रीट पाथवे तथा लव-कुश पार्क के ग्रीन बेल्ट पर फूड कोर्ट जैसे स्थायी निर्माण झील की भूमि एवं वेटलैंड क्षेत्र में बिना आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरी के किए हैं। कोर्ट के वर्तमान आदेश का गलत अर्थ निकालते हुए सरकार अवैध निर्माणों को नियमित करने का प्रयास कर रही है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) पहले ही इन निर्माणों को अवैध घोषित कर चुका है और इनको तत्काल हटाने का आदेश भी दे चुका है।

## सेवन वंडर में 6 महीने में हटाना होगा

सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना में सेवन वंडर छह माह में हटाना होगा। प्रशासन की इसे शिफ्ट करने की योजना है। लेकिन इसे शिफ्ट कहां करना है, फिलहाल तय नहीं किया है।

# विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी



24 न्यूज़ अपडेट
जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने छात्र-छात्राओं की सुविधा और मांग के आधार पर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी की है। निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव श्री बचनेश अग्रवाल ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति/अति पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक पिछड़ा वर्ग/विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्धघुमंतु समुदाय/मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर संचालित राष्ट्रीय/राजकीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित/अध्ययनरत (कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त) शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई है।
श्री अग्रवाल ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन/नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर आदि को अद्यतन (अपडेट) करने के लिए अन्तिम तिथि 21 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। साथ ही उत्तर मैट्रिक छात्रवृति के लिए विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस आनलाइन आवेदन पत्र पंजीकरण कर आनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए अंतिम तिथि/पोर्टल बन्द करने की तिथि को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2025 किया गया है। विभाग द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि यदि छात्रवृति आवेदन विद्यार्थी के स्तर पर 45 दिनों से अधिक व शिक्षण संस्थानों के स्तर पर 30 दिनों से अधिक लंबित रहता है तो ऐसे आवेदनों को पोर्टल द्वारा स्वतः ही निरस्त कर दिया जाएगा।
निदेशक ने बताया कि अभ्यर्थी विभाग के वेब पोर्टल www.sjmsnew.rajasthan.gov.in/ scholarship अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप अथवा मोबाइल ऐप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाइन पेपरलेस छात्रवृत्ति आवेदन कर सकते हैं।

# ISRO की बड़ी कामयाबी, अब भारत में बिजली गिरने से पहले मिलेगी सटीक भविष्यवाणी




24 न्यूज़ अपडेट
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने एक ऐसी टेक्नोलॉजी का अविष्कार किया है, जो लोगों को बारिश के मौसम में बिजली गिरने से पहले ही अलर्ट भेज देगा. मानसून और बारिश के मौसम में लोगों को अक्सर घर से बाहर निकलने में डर लगता है और उनके डर का मुख्य कारण आसमान से गिरने वाली बिजली होती है, जो कभी भी और कहीं भी गिर जाती है. इसकी वजह से हर साल कई लोग मारे जाते हैं. ऐसे में इसरो की नई टेक्नोलॉजी लोगों के लिए एक बड़ी राहत की ख़बर हो सकती है. आइए हम आपको इस इसरो की इस नए टेक्नोलॉजी के बारे में बताते हैं.
इसरो ने अपनी इस नई टेक्नोलॉजी के बारे में बताया है कि उन्होंने भारतीय भूमिस्थिर सैटेलाइट्स के डेटा को जमा करके और उनकी मदद से बिजली गिरने का पूर्वानुमान पता लगाने वाली टेक्नोलॉजी को तैयार करने में सफलता पाई है. इसरो के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र ने इस उपलब्धि को हासिल किया है. राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र के साइंटिस्ट्स ने इनसैट-3डी (Indian National Satellite System-3D) सैटेलाइट से मिले 'आउटगोइंग लॉन्गवेव रेडिएशन' में एक खास तरह के साइन देखें. इन पैटर्न को देखने के बाद साइंटिस्ट्स को समझ में आया कि जब OLR की स्पीड कम होती है तो आकाश से बिजली गिरने की संभावना बन जाती है. ऐसे में वैज्ञानिकों ने इस नई टेक्नोलॉजी के जरिए पता लगाया कि इसकी मदद से बिजली गिरने से करीब 2.5 घंटे पहले इस बात का पता लगाया जा सकता है कि बिजली गिर सकती है या नहीं.
इसरो की यह एक खास और नई टेक्नोलॉजी है, जिसे बिजली गिरने जैसी प्राकृतिक आपदा से लोगों को और समाज को बचाने में मदद मिल सकती है. इस नई टेक्नोलॉजी की मदद से इसरो बिजली गिरने से पहले ही पूर्वानुमान कर देगा और उसके बाद उस जगह से लोगों, जानवरों और जान-माल को हटाया जा सकेगा ताकि ना किसी इंसान की मौत हो और ना किसी जान-माल की हानि हो.

# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, अश्लील फोटो-वीडियो दिखाकर किया ब्लैकमेल




24 न्यूज़ अपडेट
अजमेर : पुष्कर थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल में एक महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. महिला ने सीकर निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम करने का आरोप लगाया है. पीड़ित महिला का यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो भी बनाई और उसे ब्लैकमेल कर रहा है. पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है.
अजमेर ग्रामीण सीओ रामचंद्र चौधरी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से सीकर निवासी एक युवक से उसकी दोस्ती हुई थी. युवक महिला से मिलने के लिए सीकर से अजमेर आया और उसके बाद महिला को पुष्कर के एक होटल में ले गया, जहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता ने अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी और उसके अन्य रिश्तेदार ने किसी ऑफिस में ले जाकर कागज पर उसका अंगूठा लगवाकर हस्ताक्षर भी करवाए हैं. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सीकर चला गया और बाद में उसने पीड़िता से संपर्क तोड़ लिया. करीब 1 महीने बाद आरोपी वापस पुष्कर आया और उसे अश्लील फोटो और वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल कर दो दिन तक होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया. पुष्कर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मामला पुराना है और शादी करना या नहीं करने से जुड़ा मामला है. पीड़िता के आरोपों को लेकर भी जांच की जा रही है.

# आदिवासी क्षेत्र में अनुसूचि 5 एवं अनुसूचि 6 के तहत वक्फ संपत्ति घोषित करने पर रोक के प्रावधान का स्वागतः सांसद मन्नालाल रावत

## सांसद मन्नालाल रावत ने इस संबंध में समिति को लिखा था सुझाव पत्र



24 न्यूज अपडेट

वक्फ (संशोधन) विधेयक में महत्वपूर्ण प्रावधानः कोई भी आदिवासी क्षेत्र में वक्फ संपत्ति घोषित नहीं कर सकेगा

उदयपुर। सांसद मन्नालाल रावत ने वक्फ (संशोधन) विधेयक में आदिवासी क्षेत्र में अनुसूचि 5 एवं अनुसूचि 6 के तहत वक्फ संपत्ति घोषित करने पर रोक लगाने का प्रावधान शामिल करने पर खुशी जताई है और कहा कि इससे आदिवासी समुदाय की मूल संस्कृति और सवैधानिक अधिकारों का भी संरक्षण हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में बुधवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा के दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू ने बताया कि देश के आदिवासियों के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अनुसूचि 5 एवं अनुसूचि 6 में आदिवासी क्षेत्र में वक्फ संपत्ति घोषित नहीं की जा सकेगी। इस बिल में यह महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जो सोच समझकर अब इसमें लाया जा रहा है। उन्होंने चर्चा में कहा कि ऐसा नहीं चाहिए कि जब आप वक्फ संपत्ति क्रिएट करे तो आदिवासी क्षेत्र में जाकर आदिवासियों की जमीन को वक्फ क्रिएट कर दें। इस मामले में सांसद मन्नालाल रावत ने संयुक्त संसदीय समिति, वक्फ (संशोधन) विधेयक के अध्यक्ष को पूर्व में पत्र लिखकर आदिवासी क्षेत्र में वक्फ बोर्ड के प्रावधान लागू नहीं करने के संबंध में सुझाव पत्र लिखा था। सांसद श्री रावत ने पत्र में बताया कि मेरी लोकसभा क्षेत्र का अनुसूचित क्षेत्र संविधान की 5वीं अनुसूची के तहत राष्ट्रपति द्वारा घोषित है, जिसके अन्तर्गत आदिवासियों की मूल संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण का उद्देश्य निहित है। अनुसूचित क्षेत्र में कब्रिस्तानों, मजार, मकबरा, मस्जिद एवं दरगाहों इत्यादि का निर्माण एवं विस्तार आदिवासियों की उक्त मूल संस्कृति के एकदम विपरीत है। उक्त प्रकार के भूखण्ड एवं निर्माण अभारतीय जीवन पद्धति को दर्शाता है एवं संविधान की मूल भावना के विरूद्ध है। उक्त प्रकार की वक्फ सम्पत्ति का क्षेत्र में रहना आदिवासियों की मूल संस्कृति को निरन्तर एवं बहुविद् हानि पहुंचाने वाला है एवं चिरंतन भारतीयता पर भी विपरीत प्रभाव डालने वाले है। यह सर्वत्र ज्ञात है कि भोलेभाले स्वभाव के धनी आदिवासियों के लिए घोषित अनुसूचित क्षेत्र में वक्फ बोर्ड की किसी भी प्रकार की सम्पत्ति से क्षेत्र में नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। सांसद श्री रावत ने अनुसूचित क्षेत्र में 5वीं अनुसूची के सुपरिभाषित मानकों को ध्यान मे रखते हुए वक्फ बोर्ड के प्रावधान अनुसूचित क्षेत्र में लागू ना हो, ऐसी व्यवस्था प्रस्तावित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के कानून में करने का सुझाव दिया था।

# भारतीय नववर्ष पर विशाल धर्मसभा का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष में चैत्र शुक्ल चतुर्थी संबंध 2082, दिनांक 1 अप्रैल 2025 को भारतीय नववर्ष आयोजन समिति ग्राम ओगणा द्वारा विशाल धर्म सभा का आयोजन किया गया। आमंत्रित महानुभावों के सानिध्य में कार्यक्रम की शुभारंभ हुआ ।कार्यक्रम के शुरू में पहले वाकल और भाड़ेर से धर्मप्रेमियों द्वारा विशाल शोभायात्रा ढ़ोल बाजे गाजे के साथ आगमन हुआ । सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर ,झांकियों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में परम पूज्य धर्मानंद सरस्वती महाराज, कथावाचक पंडित दिनेश गुरुजी,मुख्य वक्ता रामचंद्र खराड़ी अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सेवा निवृत),राव साहब नरदेव सिंह,रोशन महाराज, दयालाल एवं समस्त ग्रामवासी महिला और पुरुष सम्मिलित हुए ।शंखनाद से कार्यक्रम का आगाज किया गया।

अतिथियों का स्वागत उपरना एवं पगड़ी द्वारा गजेंद्र भामावत, सोहनलाल जन्नवत, जीवन सिंह, वीरेंद्र खटीक, देवेंद्र गरासिया, ओम सिंह द्वारा किया गया।

अतिथि परिचय प्रकाश प्रजापत द्वारा कराया गया ।

उद्बोधन- धर्मानंद महाराज द्वारा - सनातन धर्म का महत्त्व, परिवार का संस्कार,आपसी सहयोग, धर्म समाज की रक्षा "शिक्षा वही श्रेष्ठ है जिसमें संस्कार हो''

-दिनेश महाराज गुरुदेव द्वारा हमारा मार्गदर्शन किया घर परिवार और समाज में संस्कार का महत्व पर प्रकाश डाला गया है।"संस्कृत से संस्कृति की ओर ध्यान में रखते हुए अपने सनातन से बड़ा कोई धर्म नहीं हो सकता है। क्योंकि इस सनातन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम यदुवंश में भगवान श्री कृष्णा अनेक महापुरुष सनातन मेंख मेवाड़ की धरती पर महान योद्धाओं ने जन्म लिया संस्कृति और मातृ भूमि की रक्षा की है।

- मुख्य वक्ता -रामचंद्र खराड़ी द्वारा पूरे भारतवर्ष में शक्ति की पूजा की जा रही है और भगवान श्री राम का जन्मदिन मनाया जा रहा है ।भारत में भारतीय संस्कृति को राक्षसों द्वारा खतरे में डाल दिया गया था इस कारण से भगवान श्री राम दको जन्म लेना पड़ा था।

गुरु के आदेश का पालन के लिए राजा, राजकुमार द्वारा राम का प्रण जब तक भारत को राक्षसों से विहीन नहीं कर दूंगा जब तक शांती से नहीं बैठूंगा।

महाराणा प्रताप के बचपन का वृतांत सुनाया 12 वर्ष की उम्र में शेर को पटखनी दी एवं समाज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया ।गर्भावस्था में माता यह संकल्प लेकर दुर्गा की पूजा करती है कि मेरा बच्चा क्या बने।गर्भ संस्कार,जन्म का संस्कार,नाम का संस्कार हिंदुस्तान के 12 उपस्थित जोड़े राम मंदिर के उद्घाटन में बैठे थे। उसमे एक जोड़ा रामचंद्र खराड़ी भी थे।

"जागृत का मतलब हैं-हमें हथियार चलाना आना चाहिए किसी के ऊपर आक्रमण के लिए नहीं बल्कि हमारी आत्म रक्षा करने के लिए ", संकल्प लें गर्भवस्था में पल रहा बच्चा महापुरुष बने, शरीर बल मनोबल

जगन्नाथ पूरी मंदिर के बारे में बताया शबर भील के हाथ लगाने पर रथ चलता था। हिंदू धर्म की बारे में विभिन्न जानकारी और ऐतिहासिक महत्व के हिन्दू धर्म के बारे में बताया।हमें पाकिस्तान से उतना खतरा नहीं उतना हमें हमारे पडोसी से हैं। यह वहम हटाना होगा।

आभार प्रदर्शन विजयसिंह द्वारा किया गया।

महाआरती एवं आतिशबाजी के द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन मुकेश गर्ग ने किया

# श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन अब जोधपुर में महिलाओं के लिए शुरु करेगा 4 प्रोजेक्ट

## सेवा कार्य का विस्तार अन्य शहरों में भी होगाः आकाश बागडी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्री एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन ने अपने सेवा कार्य का विस्तार करते हुए अब जोधपुर शहर में भी समाजसेवा के 4 प्रोजेक्ट शुरु कर रहा है। इन प्रोजेक्ट में 400 से भी ज्यादा महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि इस संबंध में बुधवार को जोधपुर में उच्च स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमें चार प्रोजेक्ट शुरु करने का निर्णय किया गया। इनमें महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण शिविर, ब्यूटी पार्लर कोर्स, प्रोफेशनल मेहंदी प्रशिक्षण शिविर तथा डांस प्रशिक्षण शिविर शामिल है। यह सभी शिविर जोधपुर शहर में ही चलेंगे जिसके लिए बुधवार को स्थान व संसाधन को अंतिम रुप दिया गया। श्री बागडी ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढाओ मुहिम के मिशन तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में संगठन काम कर रहा है। इन चार प्रोजेक्ट के लिए प्राथमिक स्तर पर ही 200 महिलाओं का पंजीयन हो चुका है, जबकि 400 से ज्यादा का लक्ष्य रखा गया है। इन महिलाओं का प्रशिक्षण के बाद रोजगार दिलाने अथवा घर पर रह कर काम करने वाली महिलाओं को घर पर ही काम देने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए संगठन की ओर से अभी से कुछ संस्थाओं से बात की जा रही है।

# वंडर सीमेंट लि. में 54 वाँ सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित



24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा/ वंडर सीमेंट लि., आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा में *54 वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह को सुरक्षा माह के रुप में मनाया गया। जिसके तहत 1 अप्रेल, 2025 को कम्पनी के सी.सी.आर. प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एण्ड बॉइलर सूरज प्रकाश जांगिड के मुख्य आतिथ्य, कम्पनी के प्रबंध निदेशक किरण पाटील के विशिष्ट आतिथ्य एवं यूनिट हेड नितिन जैन व प्रोजेक्ट एण्ड डवलपमेंट हेड रोहित धवन के आतिथ्य में समापन समारोह आयोजित हुआ।* कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा सुरक्षा ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर *जांगिड ने सभी को संबोधित करते हुए सभी को सुरक्षा माह की शुभकामनाएं दी तथा इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा माह की थीम ''विकसित भारत के लिए सुरक्षा और स्वास्थ्य महत्वपूर्ण''* के अनुरुप सभी से अपील करते हुए कहा कि भारत को विकसित देशों की गिनती में लाने के लिये औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा और स्वास्थ्य दोनों की दिशाओं में ध्यान देते हुए कार्य संपादित करना होगा तभी हम इस थीम को साकार कर पाएंगे।

इस दौरान *किरण पाटील ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया की प्रति वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा माह वंडर सीमेंट लि. में सजगता के साथ मनाया जाता है, इस अवसर पर पाटील में मंचासिन वरिष्ठ निरीक्षक कारखाना एण्ड बॉइलर को आश्वस्त करते हुए कहा की हम शुन्य दुघर्टना के साथ कारखाना को संचालित करते हुए कार्य संपादित कराएंगे।* कर्मचारियों से सुरक्षा के महत्व को जानने और सुरक्षा को जीवन का अहम घटक बनाने व उस पर अमल करते हुए सुरक्षित कर्मचारी बनने के लिये पे्ररित किया। साथ ही कहा की हम स्वयं और हमारे सहकर्मियों को सुरक्षित रखकर कार्य करावें तथा सुरक्षा को अपने दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाये।

*यूनिट हेड जैन ने सुरक्षा माह की बधाई* देते हुए बताया की कार्यक्रम में कम्पनी के महाप्रबन्धक (सुरक्षा) दुर्गादास राठौड ने वंडर सीमेंट द्वारा वर्ष 2024-25 में सुरक्षा के प्रति जागरुकता एवं नवाचार के विभिन्न कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया और आग्रह किया की आने वाले वर्ष में भी सुरक्षा सुधार में निरन्तर भागिदारी निभाते हुए कम्पनी के शून्य हानि लक्ष्य को साकार करें। सुरक्षा माह के दौरान वंडर सीमेंट में आयोजित सुरक्षा जागरुकता से जुडी पोस्टर, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी, फायर ड्रिल, सुरक्षा दंगल एवं सर्व श्रेष्ठ सुरक्षा हेतु जागरुक रहने वाले विभाग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया, प्रतिभागियों के प्रस्तुतीकरण की सराहना करते हुए विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

साथ ही *वंडर सीमेंट में वर्ष पर्यन्त सुरक्षित कार्य करने वाले विजेता विभाग सी.पी.पी. एण्ड डब्ल्यु.एच.आर.एस. को राशि 51,000 रुपये तथा इंस्ट्रूमेंटेशन को राशि 21,000 रुपये का चेक सौप कर सम्मानित किया गया।*

कार्यक्रम में कम्पनी के उपाध्यक्ष (ऑपरेशन) अमित मेहता, उपाध्यक्ष (प्रोसेस) राजेन्द्र शर्मा सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी योगेश त्रिपाठी ने किया। सुरक्षा विभाग के आशीष पाण्डे ने उपस्थित समस्त को सुरक्षा शपथ दिलाई। विजय सिंह ने सुरक्षा पर आधारित चेतना गीत तथा सी.पी.पी. विभाग के सदस्यों ने सुरक्षा मंचन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अन्त में अनाधीश सिंह ने अतिथियों एवं समस्त आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# समर्थन मूल्य खरीद में रखें पारदर्शिता, किसानों को नहीं हो परेशनी- गौतम दक, सहकारिता मंत्री ने ली संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 अप्रैल। सहकारिता विभाग उदयपुर संभाग में समर्थन मुल्य खरीद एवं सहकारिता विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक बुधवार को सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक की अध्यक्षता में दी उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक उदयपुर के प्रताप नगर स्थित प्रधान कार्यालय सभागार में हुई। बैठक के प्रारम्भ में खण्ड की अतिरिक्त रजिस्ट्रार श्रीमती गुन्जन चौबे ने स्वागत करते हुए बैठक एजेण्डा से अवगत कराया। बैठक में समर्थन मुल्य खरीद पर चर्चा के दौरान मंत्री श्री दक ने सभी अधिकारियों को पूर्णतः पारदर्षिता के साथ कार्य करने के लिए निर्देषित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों को समर्थन मूल्य खरीद केन्द्र पर किसी तरह की समस्या नहीं हो तथा अधिकाधिक किसानों की फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीद कर उन्हें लाभान्वित किया जाए। केन्द्रीय सहकारी बैकों की समीक्षा के दौरान सहकारिता मंत्री ने प्रबन्ध निदेषकों को अल्पकालीन ऋण के अतिरिक्त दीर्घकालीन कृषि एवं अकृषि ऋण पर जोर डालने को कहा। साथ ही साथ बैंक की नई शाखाएं खोलने एवं अमानतों का स्तर बढाने के भी निर्देष दिए। क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारी श्री आषुतोष भट्ट ने संभाग की समितियों की ऑडिट की अद्यतन प्रगति से अवगत करवाया। मंत्री श्री दक ने कहा कि ऑडिट गुणवत्ता पूर्ण हो तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण एवं विषेष ऑडिट का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान संभाग के सभी उप रजिस्ट्रारों को अधिक से अधिक एम पैक्स खोलने एवं अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत चल रहे वादों का समयबद्ध निस्तारण करने के भी निर्देष दिए। भूमि विकास बैंक के सचिवों को विभाग द्वारा जारी एकमुष्त समझौता योजना का प्रचार प्रसार करके अवधिपार ऋणों की वसूली करने के निर्देष दिए। सभी भण्डार महाप्रबन्धकों एवं क्रय विक्रय सहकारी समितियों के मुख्य प्रबन्धकों को अपने कार्यक्षेत्र में नई-नई योजनाओं का प्रचार-प्रसार करके व्यवसाय बढाने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में उदयपुर संभाग के सभी सहकारी बैकों के प्रबंध निदेषक, जिला इकाईयों के उप रजिस्ट्रार, भूमि विकास बैकों के सचिव, भण्डारों के महाप्रबंधक, विषेष लेखा परीक्षक एवं निरीक्षक उपस्थित रहे। बैठक के अन्त में केन्द्रीय सहकारी बैक के प्रबन्ध निदेषक अनिमेष पुरोहित ने धन्यवाद ज्ञापित किया।






## मोहन्ती ने किया खेलगांव का दौरा, लिया जायजा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 अप्रैल। अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के पूर्व चैयरमेन जे.सी मोहन्ती ने क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, उदयपुर एवं महाराणा प्रताप खे्लगांव का दौरा किया।

जिला खेल अधिकारी डॉ महेष पालीवाल ने बताया कि श्री मोहन्ती ने खेलों के विकास एवं महाराणा प्रताप खेलगांव के मल्टीपरपज इण्डोर स्टेडियम की जानकारी ली। पूर्व खेल अधिकारी विक्रमसिंह चन्देला ने उदयपुर में हो रहे खेलों के विकास कार्यों एवं महाराणा भुपाल स्टेडियम के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशिक्षक शकील हुसैन, सुनिता भण्डारी, सोहेल मेहता, गिरधारी सिंह, लाडूराम, भृगुराज सिंह आचरज एवं अदिती रंकावत, कनिष्का चौहान हॉकी, नेहा कोदली, नन्दनी गुर्जर, भावना राठौड, धापु लौहार, प्रवीण सिंह, अरविन्द कुमार, हेमन्त अटवाल, रेश्मीप्रिया विश्नोई, राधेश्याम सुथार, खेमराज गमेती, रीना पुरोहित, जितेन्द सिंह भाटी, गगन व्यास, मनोज सनाढ्य, नाजया बानू, आंकाक्षा कानावत, निश्चय सिंह, तनिष्क पटवा, शाहरूख खान एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र एवं महाराणा प्रताप खेलगांव के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बदावली-पालचा राजमार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली से 181.460 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद



24 न्यूज अपडेट

कोटा/चित्तौडगढ़ 02 अप्रैल 2025 । केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.) राजस्थान ने राजस्थान में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत किए जा रहे सतत प्रयासों के तहत (सीबीएन), चित्तौड़गढ़ प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने बदावली-पालचा राजमार्ग पर पानगढ रिसोर्ट के पास, चित्तौड़गढ़, तहसील-बदावली, जिला-चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) पर दिनांक 01.04.2025 को एक ट्रैक्टर ट्रॉली का पीछा करके उसे सफलतापूर्वक रोका और कुल 09 बैग वजनी 181.460 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद करके एंव एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने की एक ओर सफलता प्राप्त की है। प्रदेश में यह अभियान श्री नरेश बुन्देल, उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा (राज.) के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। उन्होने बताया की सीबीएन को एक विशेष सूचना मिली की एक व्यक्ति बदावली-पालचा राजमार्ग के माध्यम से बिना पंजीकरण वाले ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग करके अवैध डोडा चूरा की तस्करी करेगा। इस हेतु सीबीएन, चित्तौड़गढ प्रकोष्ठ के अधिकारियों की एक टीम गठित कर रवाना किया गया। टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी और उक्त वाहन की पहचान के बाद सीबीएन अधिकारियों ने वाहन को सफलतापूर्वक रोका और कुल 181.460 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया। उन्होने बताया की कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, बरामद डोडा चूरा और वाहन को जब्त कर लिया गया है और एन.डी.पी.एस. अधिनियम, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच प्रक्रिया जारी है। उन्होने बताया की केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ इसी तरह की कठोर कार्यवाही जारी रखेगा ताकि राज्य में नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जा सके।

# शत-प्रतिशत पशुओं का हो टीकाकरणः अतिरिक्त निदेशक, वेटरनरी हैल्थ ऑफिस बड़गांव में बैठक

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 अप्रैल। पशु पालन विभाग के अतिरिक्त निदेषक डॉ कमलेष रजवानिया ने बुधवार को बड़गांव स्थित वेटरनरी हैल्थ ऑफिस का दौरा कर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व कार्मिकों की बैठक ली। प्रारंभ में डॉ दत्तात्रेय चौधरी ने स्वागत करते हुए विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। डॉ रजवानिया ने पशुओं को खुरपका-मुंह पका रोग सहित अन्य रोगों से बचाने के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने, शत प्रतिषत पशुओं का टीकाकरण कराकर पशुपालकों को राहत प्रदान कराने तथा पशु पालकों को विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देष दिए। उन्होंने विभाग की अन्य योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए आवष्यक दिषा-निर्देष दिए। इस अवसर पर डॉ रंजीत जावले, डॉ ममता सोनी, डॉ सुभाष चीरवा, निर्मल कुमार ईसवाल, डॉ मनीष सोनी, राजेंद्र, परमवीर सिंह, धरम वीर, लखन लोहार, राहुल मीणा, राहुल सुथार खुशबू शर्मा एवं कुसुम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।